# दून से मोरी जा रही बस में आग, सवारियों में भगदड़

## रोडवेज बस के चालक ने दिखाई सूझबूझ, नैटवाड़ के पास हादसा



# शिकंजा: एक करोड़ की ड्रग्स संग तीन गिरफ्तार

देहरादून, कार्यालय संवाददाता। स्मैक और चरस तस्करी के दो मामलों में तीन लोग एसटीएफ के हत्थे चढ़ गए। इनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की गई। इस नशे को उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था।

एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में यह खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पहले मामले में पुलिस उपाधीक्षक सुमित पांडे और निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को खटीमा में दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सगीर अहमद पुत्र कल्लू खां और बाबू पुत्र मुनव्वर दोनों निवासी अलीगंज बरेली यूपी से एक किलो छह ग्राम स्मैक मिली। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वो पिछले कई साल से बरेली से उत्तराखंड में स्मैक की तस्करी कर रहे हैं। इस बार खटीमा में नेपाल की एक पार्टी को स्मैक बेची जानी थी।

### ऋषिकेश में होनी थी सप्लाई

दूसरा मामला ऋषिकेश बस अड्डे का है। निरीक्षक नीरज चौधरी के नेतृत्व में एसटीएफ और एएनटीएफ ने प्राद लाल पुत्र दीनदयाल निवासी श्रीगांव धोतरी उत्तरकाशी को गिरफ्तार किया। आरोपी के वाहन की तलाश में डेढ़ किलो की चरस मिली। वो उत्तरकाशी से ऋषिकेश में बेचने के लिए चरस लाया था। आरोपी के खिलाफ ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों मामलों का खुलासा करने वाली टीम को एसएसपी ने दस हजार के पुरस्कार की घोषणा भी की।

# परीक्षार्थी गुमराह ना हों: एसएसपी

देहरादून। एसएसपी अजय सिंह ने एसओ और एएसओ परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों से गुमराह नहीं होने की अपील की है। उन्होंने कहा, परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार पेपर लीक नहीं हुआ। एसएसपी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि सीएसआईआर की ओर से 20 फरवरी तक परीक्षा आयोजित कराई जानी है। पूर्व में दो केंद्रों में नकल की सूचना थी।

जांच में पता चला कि परीक्षा केंद्रों पर कोई पेपर लीक नहीं हुआ। अभियुक्तों की सर्वर रूम से एक अतिरिक्त लीज लाइन कमरे में जोड़कर कुछ परीक्षार्थियों के पेपर सॉल्व कराने की योजना थी। इससे पहले ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वर्तमान में त्रुटि रहित परीक्षा हो रही है। उन्होंने अपील की कि सोशल मीडिया पर इसे लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। अभ्यर्थी इन पर ध्यान न देकर परीक्षा पर ध्यान दें।

## उत्तराखंड 30s



देहरादून स्थित ब्रुकलिन स्कूल में शनिवार को हवन किया गया। • हिन्दुस्तान

### ब्रुकलिन स्कूल में आशीर्वाद समारोह

देहरादून। ब्रुकलिन स्कूल में 10वीं-12वीं के छात्रों के लिए विदाई, सहपाठियों एवं शिक्षकों संग यादें संजोने के लिए अभिषेक-आशीर्वाद समारोह हुआ। कर्जन रोड स्थित स्कूल में हवन किया गया। प्रधानाचार्य मंजू ग्रोवर एवं शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान आचार्य योगेश कुकरेती, आरव थापा, वैष्णवी नेगी, आकांक्षा, आयंश अरोड़ा, अक्षत पाल, सक्षम, मोहम्मद रिहान आदि मौजूद रहे।

### नशे के लिए फ्लैट में घुसकर चुराया था आईफोन

देहरादून। पुलिस ने चोरी के आईफोन के साथ युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी नशे का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए उसने फोन चोरी किया। पटेलनगर पुलिस